# प्रादेशिक समाचार
## 01.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान और तेज करने का फैसला किया गया है। इस सिलसिले में सीआरपीएफ आईजी और आईजी ऑपरेशन की अध्यक्षता में आज रांची में समीक्षा बैठक प्रस्तावित है। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित की जायेगी, जिसमें गुमला, चाईबासा, लातेहार, पलामू, लोहरदगा, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, बोकारो, सरायकेला और खूंटी जिले के एसपी शामिल होंगे। इसके अलावा संबंधित जोनल आईजी और रेंज के डीआईजी भी बैठक का हिस्सा बनेंगे।

**********************

जमशेदपुर के बहरागोड़ा में एनएच–49 पर कालियाडिंगा ओवरब्रिज के नीचे एक गैस टैंकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। दुर्घटना के बाद टैंकर से गैस का रिसाव हो रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बहरागोड़ा के अंचल अधिकारी राजाराम सिंह मुंडा और थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा मौके पर बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। एहतियातन झारखंड–ओडिशा सीमा को पूरी तरह सील कर दिया गया है और आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन ने फायर ब्रिगेड को मौके पर तैनात किया है। यह गैस जहरीली है या सामान्य, इसका पता लगाने के लिए ओडिशा के बालेश्वर से विशेषज्ञों को बुलाया गया है।

**********************

देवघर में स्टॉप डायरिया कैंपेन की शुरुआत की गयी है। यह अभियान 14 अगस्त तक चलेगा। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पीके शर्मा ने बताया जिले में 5 वर्ष तक के बच्चों को सहिया द्वारा घर–घर जा कर ओआरएस पैकेट दिया जाएगा और आवश्यकता अनुरूप जिंक टेबलेट भी दिये जायेंगे।

उधर, साहिबगंज में भी उपायुक्त हेमंत सती ने इस अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को डायरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरुक करना है।

**********************

गिरिडीह में आज डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेट डे सम्मान पूर्वक मनाया गया। रेड क्रास भवन में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त राम निवास यादव ने चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेट की सेवाओं को सम्मान देने की अपील आम लोगों से की। मौके पर बड़ी संख्या में डाक्टर और सीए मौजूद रहे।

**********************

चतरा कॉलेज का आज 65वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस समारोह में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर चन्दभूषण शर्मा और चतरा के सांसद काली चरण सिंह शामिल हुए। कुलपति प्रोफेसर शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की चर्चा करते हुए कहा कि यह नीति देश के शैक्षिक परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण साबित होगी। इस मौके पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने विश्वविद्यालय और कॉलेज पर गर्व करना चाहिए। किसी संस्थान की पहचान उसके विद्यार्थियों से ही होती है।

**********************

खूंटी जिले में केंचुआ खाद जहां एक ओर किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है, वहीं ग्रामीण महिलाओं के लिए यह आर्थिक सशक्तीकरण का जरिया बन गया है।

**********************

साहिबगंज जिले में मुहर्रम के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त हेमंत सती ने की। मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान उपायुक्त ने मुहर्रम के अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।